Ans. (d) – ग्रीष्म महोत्सव – माउण्ट आबू
चन्द्रभागा मेला – झालावाड़
हाथी महोत्सव – जयपुर
ऊँट महोत्सव – बीकानेर
डेजर्ट महोत्सव – जैसलमेर

534. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस शहर में होली के दौरान 'रम्मत' का आयोजन किया जाता है?
(a) करौली (b) जोधपुर
(c) बिजोलिया (d) बीकानेर

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – रम्मत– बीकानेर तथा जैसलमेर में होली और सावन के अवसर पर होने वाली लोक काव्य प्रतियोगिताओं से रम्मत नाट्य का उद्भव हुआ है। इसमें राजस्थान के सुविख्यात लोक नायकों एवं महापुरुषों की ऐतिहासिक - धार्मिक काव्य रचना को मंच पर प्रस्तुत किया जाता है। इन रम्मतों के रचयिता मनीराम व्यास, तुलसीदास, फागु महाराज, सुआ महाराज और तेज कवि (जैसलमेरी) हैं।

535. विक्रम संवत् पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी किस दिन मनाई जाती है?
(a) चैत्र शुक्ल अष्टमी
(b) वैशाख कृष्ण अष्टमी
(c) कार्तिक कृष्ण अष्टमी
(d) चैत्र कृष्ण अष्टमी

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) परीक्षा -2018
कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) – विक्रम संवत् पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी चैत्र कृष्ण अष्टमी के दिन मनायी जाती है। विक्रम संवत् में वर्ष का पहला मास चैत्र जबकि अंतिम मास फाल्गुन होता है।

536. राजस्थान में किस स्थान पर प्रतिवर्ष 12 सितंबर को वृक्ष महोत्सव मनाया जाता है?
(a) कैलादेवी (b) खेजड़ली
(c) मंडोर (d) कोलायत

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) – राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित खेजड़ली गाँव में प्रत्येक वर्ष 12 सितम्बर को वृक्ष महोत्सव मनाया जाता है। यह महोत्सव 1730 ई. में बिश्नोई समुदाय द्वारा वृक्षों की कटाई के विरोध में शहीद हुए लोगों के बलिदान के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

537. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही नहीं है?
(a) मारवाड़-उत्सव-जोधपुर
(b) ऊँट महोत्सव-बीकानेर
(c) हाथी-उत्सव-जयपुर
(d) ब्रज महोत्सव-धौलपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (d) – सही सुमेलन है।

महोत्सव		**स्थान**
मारवाड़ महोत्सव	–	जोधपुर
ऊँट महोत्सव	–	बीकानेर
हाथी उत्सव	–	जयपुर
ब्रज महोत्सव	–	भरतपुर

538. राजस्थान में त्यौहारों की शुरूआत श्रावणी तीज से होती है और अंत ....से होता है।
(a) हरियाली तीज (b) चतड़ा चौथ
(c) शीतला अष्टमी (d) गणगौर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (d) – राजस्थान में त्यौहारों की शुरूआत श्रावणी तीज से होती है और अंत गणगौर त्योहार से होता है। श्रावणी तीज या छोटी तीज श्रावण मास शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। यह मुख्यतः स्त्रियों का त्योहार है जिसमें स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती है। जयपुर में तीज माता की सवारी निकाली जाती है। गणगौर त्योहार होली के लगभग एक पखवाड़ा बाद मनाया जाता है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक गणगौर की पूजा की जाती है। गणगौर में 'गण' महादेव तथा 'गौर' गौरी या पार्वती माता का प्रतीक माना जाता है। इसी त्योहार के बाद त्योहारों का समापन हो जाता है।

539. जलझूलनी एकादशी त्योहार राजस्थान में कब मनाया जाता है?
(a) आश्विनी शुक्ल एकादशी
(b) कार्तिक शुक्ल एकादशी
(c) भाद्रपद शुक्ल एकादशी
(d) श्रावण शुक्ल एकादशी

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (c) – जलझूलनी एकादशी त्योहार भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार कान्हा के जन्म के बाद यशोदा माता ने इसी दिन जल या घाट का पूजन किया था। अतः इसे डोल ग्यारस का परिवर्तिनी एकादशी भी कहते हैं। वर्ष 2022 में जलझूलनी/पद्मा एकादशी (राजस्थान) 6 सितम्बर 2022 को मनाई गई।

540. निम्नलिखित मे से किस स्थान पर बोहरा समुदाय का प्रमुख उर्स लगता है?
(a) अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर
(b) फतेहपुर सीकरी में शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर
(c) गलियाकोट में बाबा फखरूद्दीन की दरगाह पर
(d) दिल्ली में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (c) : गलियाकोट दरगाह राजस्थान के डूंगरपुर जिले में स्थित है। इसी कस्बे के उत्तर में लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर फकीर सैय्यद फखरूद्दीन की मजार है। जो शिया सम्प्रदाय के बोहरा मुसलमानों का बड़ा ही धार्मिक स्थान है। वर्ष में एक बार इस दरगाह पर बोहरा समुदाय द्वारा उर्स का आयोजन किया जाता है।

541. राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा निम्नलिखित मेलों और उत्सवों का आयोजन किया जाता है –
(a) मरु उत्सव, जैसलमेर (b) हाथी उत्सव, जयपुर
(c) ऊँट उत्सव, बीकानेर (d) ग्रीष्म उत्सव, माउन्ट आबू
कैलेंडर वर्ष के अनुसार उनका तिथिक्रम है –
(a) (A), (C), (B), (D) (b) (B), (A), (C), (D)
(c) (C), (A), (D), (B) (d) (C), (A), (B), (D)
उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – प्रश्नगत नीचे दिए गए राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा मेलों एवं उत्सवों के आयोजन का क्रम है – ऊँट उत्सव– बीकानेर, मरु उत्सव–जैसलमेर, हाथी उत्सव – जयपुर, ग्रीष्म उत्सव – माउण्ट आबू। इसी प्रकार पुष्कर मेला अजमेर में, चन्द्रभागा मेला झालावाड़ में एवं दशहरा मेला कोटा में संपन्न होता है।